आटो पलटने से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

चौराडीह लौटते समय गांव के बाहर हुआ हादसा,जांच में जुटी पुलिस

चायल,कौशाम्बी। चरवा थाने के चौराडीह गांव के बाहर सोमवार शाम अनियंत्रित होकर आटो पलट गया। हादसे में आटो के नीचे दबकर घायल हुई महिला की प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव निवासी ननकी देवी (३५) पत्नी संतलाल सोमवार दोपहर दवा लेने चायल गई थी। दवा लेकर वह आटो से घर लौट रही थी। इसी दौरान गांव के बाहर ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ननकी देवी ऑटो के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकालकर इलाज के लिए तिल्हापुर मोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उन्हें प्रयागराज के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां



मृतक के घर पर जुटी भीड़।

इलाज के दौरान मंगलवार दोपहर ननकी देवी की मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर गांव लौटे और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में एसओ धीरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

गोवध और अन्य मामलों में छः आरोपितों पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज

करारी,कौशाम्बी। गोवध और अन्य आपराधिक मामलों में आरोपित गैंग लीडर मुन्ना समेत छह लोगों के खिलाफ करारी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा २/३ के तहत कार्रवाई की गई है। मामले में जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के बाद १८ अक्तूबर को एफआईआर दर्ज किया गया।

सीओ सदर सौरभ सामंत ने बताया कि गैंग का पंजीकरण डी-४१/२०२६ के रूप में है। इसमें गैंग लीडर मुन्ना निवासी शरीफपुर थाना मंझनपुर के अलावा तुफैल अहमद, नयाब, तौफीक अहमद, जुनैद अहमद उर्फ सुहेल अहमद और सफीका खातून निवासी बहादुरपुर थाना मंझनपुर को शामिल किया गया है। इंस्पेक्टर संजय यादव ने बताया कि ३० नवंबर २०२५ को तियरा जमालपुर की चारागाह भूमि पर पशु अवशेष और खून मिलने के मामले में गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान इन आरोपियों के नाम सामने आए। एक दिसंबर २०२५ को पुलिस मुठभेड़ के दौरान मुन्ना और तुफैल अहमद को गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने दोनों के पास से तमंचे और कारतूस बरामद होने का दावा किया था। इसके अलावा मुन्ना के खिलाफ वर्ष २०२३ में युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म से संबंधित धाराओं में भी मुकदमा दर्ज किया गया था। इन मामलों में आरोपपत्र न्यायालय भेजे जा चुके हैं और कुछ मामले विचाराधीन हैं। गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए तैयार गैंग चार्ट को पुलिस अधीक्षक की संस्तुति के बाद जिलाधिकारी ने अनुमोदित किया था। जिस पर कारवाई हुई।

बाइक रैली निकालकर दिया महिला सुरक्षा का संदेश



जागरूकता बाइक रैली निकालतीं महिला पुलिस कर्मी ।

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान फेज-६ के तहत सोमवार को महिला पुलिस कर्मियों ने जिला मुख्यालय मंझनपुर में भव्य बाइक रैली निकाली। एसपी सत्यनारायण प्रजापत के नेतृत्व में आयोजित रैली के दौरान आमजन को महिला सुरक्षा व शासन की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा, निवर्तमान विधायक संजय गुप्ता और अपर पुलिस अधीक्षक अमिता सिंह शामिल हुईं। रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से शुरू होकर मंझनपुर चौराहा, जामा मस्जिद कस्बा मंझनपुर व मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः एसपी कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने माइक, पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से महिलाओं तथा बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६, वीमेन पावर लाइन १०९०, साइबर अपराध हेल्पलाइन १९३०, महिला हेल्पलाइन १८१, चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८ और आपातकालीन पुलिस सेवा ११२ सहित अन्य जरूरी नंबरों के बारे में बताया गया। रैली के माध्यम से महिलाओं में निर्भीकता और आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें जरूरत पड़ने पर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर सीओ मंझनपुर सौरभ सामंत समेत अन्य अफसर व कर्मचारी मौजूद रहे।

हाईवे पर ओलियम एसिड से भरे टैंकर में रिसाव, हड़कंप

कौशाम्बी। सैनी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-१९ पर कनवार बॉर्डर के पास ओलियम एसिड से भरे एक टैंकर में अचानक रिसाव होने से हड़कंप मच गया। टैंकर से एसिड सड़क पर बहने लगा, जिससे धुआं उठने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में सक्रियता बढ़ गई और तत्काल राहत एवं बचाव की कार्रवाई शुरू की गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, टैंकर फतेहपुर जनपद के मालवा से बिहार के नालंदा जा रहा था। इसी दौरान कनवार बॉर्डर के पास टैंकर से ओलियम एसिड का अचानक रिसाव होने लगा। सड़क पर एसिड गिरने और उससे धुआं उठने की स्थिति को देखते हुए मौके पर मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सैनी थाना प्रभारी त्रिलोकीनाथ पांडेय ने तत्काल फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया। अग्निशमन कर्मियों ने पहुंचकर टैंकर से उठ रहे धुएं को नियंत्रित करने की कार्रवाई की। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए टैंकर को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद टैंकर को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। पुलिस की तत्परता से स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिली। मौके पर सीटी टीम प्रभारी सुशील कुमार शुक्ल और अजुहा चौकी पुलिस भी मौजूद रही।

किशोरी को किया अगवा,केस दर्ज

पश्चिम शरीरा,कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसकी १२ साल की बेटी १७ अक्तूबर की शाम संदिग्ध दशा में लापता हो गई। खोजबीन के दौरान पता चला कि इलाके के डेढ़ावल गांव का उमर केवट बहला-फुसलाकर उसे अगवा कर ले गया है। मामले की शिकायत पर अपहरण का मुकदमा कायम कर पुलिस ने आरोपी युवक व किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

नवदुर्गा पूजा पण्डाल में विशाल जागरण का हुआ आयोजन, आकर्षक झांकियों ने मन मोहा

कौशाम्बी। नगर पंचायत अजुहा के वार्ड आठ स्थित जीटी रोड पर नवदुर्गा पंडाल में रविवार रात विशाल जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रयागराज के सुशील सम्राट जागरण ग्रुप की ओर से देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। राधा-कृष्ण, भगवान शंकर-पार्वती, गणेश जी और सुदामा-कृष्ण की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। अजुहा जीटी रोड स्थित पूजा पंडाल में रविवार रात विशाल देवी जागरण व झाकियों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आकर्षक झांकियां भक्तों का मन मोह रही थी। दूसरे दिन सोमवार को नवमी तिथि के मौके पर हवन-पूजन के बाद कन्याभोज कार्यक्रम का आयोजन भक्तों द्वारा किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया और श्रद्धापूर्व भोजन कराया। कन्याओं को भोजन कराने के बाद दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया गया। आयोजकों ने मां दुर्गा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। कन्या भोज में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। नवरात्र के अंतिम दिन आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस मौके पर कमेटी के लोग प्रदीप साहू, दीपक साहू, शुगर सिंह, सभासद राजू पंडित, शनि अग्रहरि, राम प्रताप अग्रहरि, होरीलाल साहू सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

मनौरी दशहरा मेला: सुरक्षा चाक-चौबंद

चायल, कौशांबी।ऐतिहासिक तीन दिवसीय मनौरी दशहरा मेला २० अक्टूबर से शुरू होगा। मेले की सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए एसीपी धूमनगंज रवि गुप्ता ने पुलिस बल के साथ मेला परिसर और प्रसिद्ध मीना बाजार का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने और महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए।दुकानदारों से भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। मेले में २० अक्टूबर को भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित १४ कलात्मक चौकियां निकलेंगी जबकि २१ अक्टूबर को भव्य रामदल यात्रा निकाली जाएगी। निरीक्षण के दौरान पूरामुफ्ती थानाध्यक्ष शांतनु सिंह सहित पुलिसकर्मी और मेला समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कहा गया कि मेला में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं होना चाहिए, सभी लोग शांतिपूर्ण मेला को सम्पंन कराये।

खेत में ट्रैक्टर ले जाने के विवाद में किसान को पीटा दी जान से मारने की धमकी

करारी,कौशाम्बी। खेत में ट्रैक्टर ले जाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक किसान के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीडित ने गांव के ही दो लोगों पर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से पीटने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

करारी कोतवाली क्षेत्र के मालीपुर महाराजगंज गांव के किशनलाल पुत्र स्वर्गीय सूरजपाल के अनुसार, १८ अक्तूबर की सुबह करीब ७:३० बजे खेत में ट्रैक्टर ले जाने को लेकर समर सिंह से विवाद हो गया। आरोप है कि समर सिंह उर्फ सरन और सुशीला देवी ने खेत पर ही उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। हमले में उनके सिर और शरीर में चोटें आईं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है।

हनुमान ने जलायी रावण की सोने की लंका, लगे जय श्रीराम के जयकारे



रामलीला में लंका दहन करते हनुमान ।

कौशाम्बी। दारानगर की २४७वीं ऐतिहासिक सजीव रामलीला में सोमवार शाम पांच म्योहरा में लंका दहन प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के आदेश पर हनुमान जी के लंका पहुंचने, माता सीता की खोज करने, रावण के दरबार में पहुंचने और सोने की लंका जलाने तक के प्रसंगों का सजीव चित्रण किया। मंचन देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे और पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। रामलीला में दिखाया गया कि भगवान श्रीराम ने हनुमान जी को लंका जाकर माता सीता का पता लगाने और उनका कुशलक्षेम जानने का आदेश दिया। जामवंत ने हनुमान जी को उनकी अपार शक्ति का स्मरण कराया।

इसके बाद हनुमान जी ने विशाल रूप धारण किया और समुद्र लांघने के लिए आकाश मार्ग से उड़ चले। रास्ते में सुरसा ने उन्हें रोककर परीक्षा ली। लंका पहुंचने पर हनुमान जी का सामना लंकिनी से हुआ। उसे परास्त कर वह लंका में प्रवेश कर गए। हनुमान जी विभीषण से भेंट के बाद अशोक वाटिका पहुंचे, जहां माता सीता को भगवान श्रीराम की अंगूठी देकर उनके आने का संदेश दिया। अंगूठी देखकर माता सीता को विश्वास हुआ कि हनुमान जी प्रभु श्रीराम के दूत हैं। इसके बाद हनुमान जी ने अशोक वाटिका में फल खाए और पेड़-पौधे उजाड़ दिए। उन्हें रोकने पहुंचे राक्षसों से उनका भीषण युद्ध हुआ। रावण के पुत्र अक्षय कुमार का वध करने के बाद मेघनाद ने उन्हें बंदी बनाकर रावण के दरबार में पेश किया। रावण के आदेश पर हनुमान जी की पूंछ में आग लगाई गई। हनुमान जी ने उसी आग से सोने की लंका के महलों और भवनों को जला दिया। लंका दहन के बाद हनुमान जी समुद्र पार कर भगवान श्रीराम के पास लौटे और माता सीता के सुरक्षित होने की जानकारी दी। इस प्रसंग के मंचन के साथ रामलीला परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

सूर्पणखा की नाक काटने से सीता हरण तक की लीला का मंचन

करारी,कौशाम्बी। गुवारा तैयबपुर की ऐतिहासिक रामलीला में रविवार की रात सूर्पनखा की नाक काटने से लेकर सीता हरण तक की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के जीवंत अभिनय को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस दौरान पूरा परिसर श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा।

लीला के प्रसंग में दिखाया गया कि पंचवटी में सूर्पनखा ने भगवान श्रीराम के सामने विवाह का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव ठुकराए जाने पर उसने अपना असली रूप दिखाया तो लक्ष्मण ने उसकी नाक काट दी। इसके बाद खर-दूषण ने श्रीराम से युद्ध किया, जिसमें दोनों मारे गए। उधर, रावण के कहने पर मारीच सोने का हिरण बनकर पंचवटी पहुंचा। सीता के आग्रह पर श्रीराम हिरण के पीछे चले गए। मारीच की आवाज सुनकर सीता ने लक्ष्मण को उनकी सहायता के लिए भेज दिया। इसी दौरान साधु का वेश धारण कर पहुंचे रावण ने माता सीता का हरण कर लिया। लीला देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। इस मौके पर अध्यक्ष आकाश यादव, निर्देशक सुभाष विश्वकर्मा, इंद्रजीत मौर्य, हरिश्चंद्र मौर्य और कमलेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सिराथू तहसील के शहजादपुर में आयोजित २५३वीं प्राचीन रामलीला में सोमवार को अंगद-रावण संवाद और लंका दहन का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से जोड़ दिया। लंका दहन का दृश्य देखने के लिए मैदान में बड़ी संख्या में दर्शक जुटे। प्रभु श्रीराम के जयकारों से रामलीला परिसर गूंज उठा। मंचन के दौरान अंगद ने रावण की राजसभा में पहुंचकर उसे प्रभु श्रीराम की शरण में आने और माता सीता को सम्मानपूर्वक लौटाने की सलाह दी। रावण के अहंकार और हठ के आगे झुकने के बजाय अंगद ने भरी सभा में अपना पैर जमा दिया और चुनौती दी कि यदि कोई उनका पैर हटा दे तो वह श्रीराम की पराजय स्वीकार कर लेंगे। रावण की सभा में मौजूद योद्धा अंगद का पैर हटाने में असफल रहे। इस प्रसंग के माध्यम से कलाकारों ने अहंकार पर धर्म और सत्य की विजय का संदेश दिया। इसके बाद रामलीला मैदान में लंका दहन का आकर्षक दृश्य प्रस्तुत किया गया। हनुमान का अभिनय कर रहे कलाकार ने अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। लंका दहन के लिए मैदान में प्रतीकात्मक लंका तैयार की गई थी। कलाकार ने हनुमान के रूप में लंका में आग लगाई तो अग्नि की लपटों के बीच पूरा दृश्य जीवंत हो उठा। हनुमान के लंका में दौड़ने और राक्षसों के भवनों को जलाने के प्रसंग का मंचन देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। जय श्रीराम के जयकारों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रामलीला समिति के अध्यक्ष कुलदीप पांडेय, उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री सत्यम त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष प्रदीप पांडेय और मीडिया प्रभारी शिवम पांडेय सहित समिति के अन्य पदाधिकारी आयोजन को सफल बनाने में जुटे रहे।

करारी में कन्या पूजन का आयोजन



भोजन ग्रहण करतीं कन्याएं ।

करारी,कौशाम्बी। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर पोरहाई मजरा म्योहर गांव में सोमवार को मां दुर्गा की आराधना के बीच स्वर्णकार शिवालय सेवा ट्रस्ट की ओर से कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्य नित्या नन्द सोनी ने कन्यायों का पांव धुलकर दुर्गा पंडाल में कन्याओं के पूजन-अर्चन के साथ उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। धार्मिक आयोजन से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम किशोर वर्मा ने बताया कि नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष धार्मिक महत्व है। सनातन परंपरा में कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया जाता है। इसी आस्था और परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ट्रस्ट की ओर से कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्याओं को सम्मानपूर्वक भोजन कराने के साथ उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया गया। इस दौरान धार्मिक उत्साह के साथ कन्या सम्मान और नारी शक्ति का संदेश भी दिया गया। कन्या भोज के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि बेटियां परिवार और समाज की अनमोल धरोहर हैं। उनका सम्मान, शिक्षा और सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। धार्मिक परंपराएं तभी सार्थक होती हैं, जब उनके साथ समाज में सेवा, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को भी बढ़ावा दिया जाए। ट्रस्ट का उद्देश्य धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ समाजसेवा और जनकल्याण की भावना को भी आगे बढ़ाना है। ऐसे आयोजन ग्रामीणों के बीच आपसी सहयोग, सामाजिक एकता और धार्मिक सद्भाव को प्रोत्साहित करते हैं। नवरात्र के दौरान सजे दुर्गा पंडाल में मां के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिली। इस दौरान प्रीतम सिंह, गंगा त्रिपाठी, विजय कृष्ण वर्मा, सतीश कुमार, मुकेश पाल, पराग सिया त्रिपाठी, ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप सिंह, जय करन यादव, काली चरण मिश्र, विष्णु सोनी, राकेश विश्वकर्मा, संदीप चौरसिया, शिवा सोनी, दुर्गा प्रसाद वर्मा, राकेश प्रजापति, शंशाक मिश्र आदि उपस्थित रहे।

पण्डालों में अग्निसुरक्षा के इंतजाम परख रही फायर ब्रिगेड टीम

कौशाम्बी। शारदीय नवरात्रि में दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर अग्निशमन विभाग सतर्क है। सिराथू तहसील क्षेत्र में फायरकर्मी पंडालों का निरीक्षण करने के साथ आयोजकों और श्रद्धालुओं को आग से बचाव के तरीके बता रहे हैं। साथ ही आपात स्थिति में फायर सिलेंडर चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। फायरमैन सुनील त्रिपाठी और शंकर सन दुबे विभिन्न पंडालों में पहुंचकर अग्निसुरक्षा के इंतजामों की पड़ताल कर रहे हैं। इस दौरान फायर सिलेंडर, रेत और पानी से भरी बाल्टियों समेत आग बुझाने के लिए जरूरी संसाधनों की उपलब्धता जांची जा रही है। पंडालों को अनुमति देते समय निर्धारित अग्निसुरक्षा मानकों के तहत जरूरी इंतजाम किए गए हैं या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है। इसके अलावा आयोजकों को बिजली के तारों, सजावटी लाइटों और ज्वलनशील सामग्री के इस्तेमाल में सावधानी बरतने की जानकारी दी जा रही है। फायरमैन सुनील त्रिपाठी ने बताया कि अब तक दो दर्जन से अधिक पंडालों में निरीक्षण और जागरूकता अभियान चलाया जा चुका है। इसका उद्देश्य आग लगने की घटनाओं पर अंकुश लगाना और आपात स्थिति में जान-माल के नुकसान को कम करना है। उन्होंने आयोजकों से अग्निसुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम दुरुस्त रखने की अपील की।

पति-पत्नी के साथ की मारपीट तथा जान से मारने की धमकी

महगांव,कौशाम्बी, संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी अंतर्गत सैता गांव में रविवार की शाम परिवार के ही कुछ लोगों ने महिला व उसके पति के साथ की मारपीट जिससे उनको आई गंभीर चोटें आई जिसकी सूचना थाना संदीपन घाट पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया

मिली जानकारी के अनुसार संगीता देवी पत्नी चरण सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके परिवार के ही ससुर अलोपी दीन पुत्र मिठाई लाल कर्मवीर, धरम वीर पुत्र अलोपीदीन आदि लोगों ने पैसे की लेनदेन को लेकर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे तभी शोर सुनकर उसका पति चरण सिंह मौके पर पहुंचा तो उन लोगों ने भी उनके साथ मारपीट करने लगे जिससे उनको गंभीर चोटें आई शोर सुन पास पड़ोस के लोग दौड़े तो उन लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले जिसकी सूचना सोमवार की सुबह संगीता देवी ने थाना संदीपन घाट पहुंचकर सूचना देते हुए उचित कार्रवाई की मांग की।

पड़ोसी युवक ने किशोरी से किया दुराचार

कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र की एक किशोरी के साथ रविवार सुबह पड़ोसी युवक ने दुराचार किया। विरोध करने पर उसकी बेरहमी से पिटाई की। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कड़ा धाम क्षेत्र की १५ वर्षीय किशोरी ने बताया कि उसके घर का बाथरूम छत पर बना हुआ है। सोमवार की सुबह वह दैनिक क्रिया के लिए छत पर गई थी। वहां पर बगल का रहने वाला युवक पहले से मौजूद था। आरोप है कि उसने देखते ही किशोरी को दबोच लिया और उसके साथ मुंह दबाकर दुराचार किया। विरोध करने पर तीन-चार थप्पड़ भी जड़े। इसके बाद कहीं भी शिकायत करने पर जानलेवा धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना से डरी-सहमी पीडिता ने नीचे जाकर आपबीती परिजनों को बताई तो उनके होश उड़ गए। इस संबंध में थाना प्रभारी महेश सिंह का कहना है कि दोनों की शिकायत पर मुकदमा कायम कर लिया गया है। आरोपी की तलाश कराई जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

भगवान राम एवं सुग्रीव की हुई मित्रता,जटायु का किये अंतिम संस्कार

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के नूरपुर हाजीपुर गांव में चल रही रामलीला में रविवार रात भगवान श्रीराम-सुग्रीव की मित्रता, जटायु के अंतिम संस्कार, बाली वध और लंका दहन की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों की सजीव प्रस्तुति देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। रामलीला में माता सीता की खोज में निकले भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को रास्ते में घायल जटायु मिला। जटायु ने बताया कि लंकापति रावण माता सीता का हरण कर दक्षिण दिशा की ओर ले गया है। माता सीता को बचाने के लिए जटायु ने रावण से युद्ध किया था। क्रोधित रावण ने उसके दोनों पंख काट दिए थे। इसके बाद जटायु ने दम तोड़ दिया।

भगवान श्रीराम ने विधि-विधान से जटायु का अंतिम संस्कार किया। आगे चलकर भगवान श्रीराम की सुग्रीव से मित्रता हुई। सुग्रीव ने माता सीता की खोज में हरसंभव प्रयास करने का वचन दिया। इसके बाद बाली वध की लीला का मंचन किया गया। बाली वध के बाद जामवंत के कहने पर हनुमान जी माता सीता की खोज में समुद्र पार कर लंका पहुंचे। इसके बाद हनुमान जी ने अपनी जलती पूंछ से सोने की लंका में आग लगा दी। लंका दहन की लीला देखकर दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इस दौरान मेला अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, महामंत्री राजेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष अनिरुद्ध उपाध्याय, कोषाध्यक्ष आत्माराम गुप्ता, मीडिया प्रभारी निरंजन चौधरी और प्रधान प्रतिनिधि श्याम बाबू मौजूद रहे।

नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे के चावल मंडी में चल रही ऐतिहासिक रामलीला के मंच पर भगवान श्रीराम और माता सीता का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। विवाह की लीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। पूरा रामलीला परिसर भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।



नुरपुर गांव में आयोजित रामलीला का मंचन करते कलाकार ।

सराय अकिल कस्बे में चल रहे ऐतिहासिक रामलीला मंच पर राम सीता का विवाह का मंचन हुआ, कि राजा जनक ने माता सीता के स्वयंवर का आयोजन किया था। स्वयंवर में देश-विदेश से आए राजा शिव धनुष को उठाने और प्रत्यंचा चढ़ाने में असफल रहे। इससे राजा जनक निराश हो गए। इसके बाद महर्षि विश्वामित्र के आदेश पर भगवान श्रीराम ने शिव धनुष को तोड़ दिया। धनुष टूटते ही मिथिलापुरी में भगवान श्रीराम के जयकारे गूंजने लगे और राजा जनक प्रसन्न हो उठे। इसके बाद राजा जनक ने अपने दूत को अयोध्या भेजकर महाराज दशरथ को बारात लेकर मिथिला आने का निमंत्रण दिया। निमंत्रण मिलने पर महाराज दशरथ, महर्षि विश्वामित्र, भरत, शत्रुघ्न सहित अयोध्या के अन्य लोग बारात लेकर मिथिला पहुंचे। विवाह की लीला के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह का मंचन देखकर दर्शक भाव-विभोर हो उठे। जगह-जगह जय श्रीराम के जयकारे लगते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सराय अकिल की चावल मंडी में आयोजित ऐतिहासिक रामलीला स्थानीय लोगों के लिए आस्था और परंपरा का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। हर वर्ष रामलीला की विभिन्न लीलाओं को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं मौके पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष गोपाल दास केसरवानी कोषाध्यक्ष शंकर लाल केसरवानी अनिल केसरवानी रोबिन अग्रहरि संतोष सोनी दीपक श्रीवास्तव नरोत्तम दास अग्रहरि निखिल केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे

पट्टीदारों ने मां-बेटियों सहित चार को पीटा, केस दर्ज

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में पट्टीदारों ने मां-बेटियों समेत चार लोगों की पिटाई की। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

लालपुर निवासी नूरजहां पत्नी वकील उद्दीन ने बताया कि देवर इशाक अहमद उसके खेत में छप्पर डालकर चार-पांच गाय पाले हुए है। रविवार की सुबह छप्पर हटाने के लिए कहने पर वह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर अपनी बेटी रानी, सानिया, बेटे अलकमा व पत्नी नगीना के साथ मिलकर पिटाई शुरू कर दी। पीडिता के मुताबिक, हमलावरों ने बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पुत्री गुलवसा, गुलनाज तथा बेटे मो. सैफ को भी पीटा। शोरगुल पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह सभी की जान बचाई।

कब्जे के विवाद में युवक सहित दो को पीटा

कौशाम्बी। स्थानीय थाना क्षेत्र के ढोकसहा गांव निवासी देव प्रयाग सरोज ने बताया कि उसे कॉलोनी मिली है। इसमें कब्जे की बात को लेकर १७ अक्तूबर की शाम पड़ोसी शैलेश गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर अपने पुत्रों विकास, रजवा व पत्नी शकुंतला के साथ मिलकर पिटाई शुरू कर दी। पीडित के मुताबिक, हमलावरों ने बीच-बचाव करने पहुंची उसके परिवार की शिवरानी को भी पीटा। मामले की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने घायलों का मेडिकल करा दिया है।

मां के सिद्धिदात्री स्वरूप के दर्शन के लिए जुटी श्रद्धालुओं की भीड़



मां शीतला के दर्शन के लिए कतार में लगे लोग।

कड़ा,कौशाम्बी। ५१ वी शक्ति पीठ कड़ाधाम में नवरात्रि के नवें दिन श्रद्धालु भक्तों ने मां सिद्धिदात्री स्वरूप की विधिवत पूजा की।ऐसा माना जाता है कि अगर आप आठ दिनों में मां कि किसी कारणवश पूजा नहीं कर पाये है तो नवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा से नौ दिनों का पुण्य फल प्राप्त होता है।देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव को मां सिद्धिदात्री कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त हुई थी। इसलिए मां के इस स्वरूप की पूजा का विशेष महत्व है।वहीं सोमवार की मध्यरात्रि १२ बजे कड़ा धाम में मां शीतला का पंडा समाजद्वारा भव्य श्रृंगार पूजा आयोजित किया गया।जहां पर अष्टमी व नवमी तिथि मध्य रात्रि १२ बजे माता शीतला का भव्य महाश्रृंगार हुआ और मां को ५६ प्रकार का भोग लगाया गया। महा श्रृंगार पूजा आरती देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त कड़ा धाम पहुंचे और मां शीतला के दर्शन की एक झलक पाने को लालयित दिखे।

नवरात्रि तिथि के अष्टमी व नवमी को सोमवार की सुबह से ही कड़ा धाम के विभिन्न घाट कालेश्वर घाट, कुबरीघाट,हनुमान घाट आदि घाटों पर स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त कड़ा धाम पहुंचे और श्रृद्धालू भक्तों ने अपने अपने तीर्थ पुरोहितों के यहां से हलवा पूड़ी बनाकर मां शीतला को अर्पित किया और पूजन हवन के बाद जगह जगह समस्त कड़ा धाम क्षेत्र में कन्या पूजन कर हलवा पूड़ी खिलाकर श्रद्धालु भक्तो ने कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं पर कड़ा धाम मन्दिर परिसर पर श्रद्धालु भक्तों द्वारा जगह-जगह हलवा,पूड़ी,फल आदि का प्रसाद वितरण कराया गया।

सूचना- सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम इरफान अहमद था, अब मैने अपना नाम बदलकर इरफान अहमद मंसूरी कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

इरफान अहमद मंसूरी पुत्र पीर मोहम्मद निवासी आषाढ़ा कौशाम्बी।

notice/declaration

i santosh kumar son of late rajendra babu resident of village visara tehsil sirathu district kaushamvi, hereby state on oath that my daughter naina tiwari is enrolled under the sukanya samriddhi yojana, having accound no. 7479326101 in the said accound my daughter name has inadvertently been recorded as kumari anshika which is incorrect. her name is recorded as naina tiwari in her aadhaar card, educational docoments and all other official documents. therefore henceforth my daughter shall be known and identified by name naina tiwari.

declarant-santosh kumar son of late rajendra babu village bisara tehsil sirathu district kaushambi uttar pradesh mob. 9669122594